No. of Questions : TLH-50+TLS-50
No. of Printed Pages : 16

| [illegible] |
| --- |
| **Secretary** |

**Booklet Sl. No.**

**Roll No. :** ..................................

# 2024
# ANNUAL
# CLASS - X
# TLH/TLS

**SET : A**

*Time : 1 Hour* — ସମୟ : 1 ଘଣ୍ଟା

*Full Marks : 50* — ପୂର୍ଣ୍ଣ ସଂଖ୍ୟା : 50

## ନିରୀକ୍ଷକଙ୍କ ନିମନ୍ତେ ବିଶେଷ ସୂଚନା
## SPECIAL INSTRUCTION TO THE INVIGILATORS

ଉକ୍ତ ବିଷୟର ପରୀକ୍ଷା ସରିବାପରେ ଏହି ପ୍ରଶ୍ନ ପୁସ୍ତିକା (PART-I-OBJECTIVE) ଟିକୁ ପରୀକ୍ଷାର୍ଥୀମାନେ ସାଥିରେ ନେବେ । ପରୀକ୍ଷା ଗୃହ ଛାଡ଼ିବା ପୂର୍ବରୁ ନିରୀକ୍ଷକମାନେ ତାହାକୁ ଠିକ୍ ଭାବେ ତଦାରଖ କରିବା ଏକାନ୍ତ ଜରୁରୀ ।

The candidates shall take away this Question Booklet (PART - I - OBJECTIVE ) after the examination of this subject is over. It is important that the invigilators should verify the Booklet of the candidates before leaving the Examination Hall/Room.

# PART - I – OBJECTIVE - MCQ
## COMPOSITE
## OBJECTIVE QUESTION BOOKLET
# AR/AXR – 10 / 11 – TLH / TLS
# TL — HINDI / TL — SANSKRIT

## ପରୀକ୍ଷାର୍ଥୀଙ୍କ ନିମନ୍ତେ ସୂଚନା
## INSTRUCTION TO CANDIDATES

ଏହି ପ୍ରଶ୍ନ ପୁସ୍ତିକାରେ **50** ଟି ବହୁବିକଳ୍ପ ଉତ୍ତରମୂଳକ ପ୍ରଶ୍ନ ଦିଆଯାଇଛି । ପ୍ରତ୍ୟେକ ପ୍ରଶ୍ନର ଉତ୍ତର **OMR** ଫର୍ଦ୍ଦରେ ଥିବା ନିର୍ଦ୍ଦେଶାନୁସାରେ ଦେବା ଆବଶ୍ୟକ ।

This Question Booklet contains 50 multiple choice questions. The candidates are required to answer the questions as per the instructions given in the OMR sheet.

ନିର୍ଦ୍ଦେଶ : ପ୍ରଶ୍ନ-ପୁସ୍ତିକା ରିଭର୍ସ ଜ୍ୟାକେଟ ଦ୍ୱାରା ସିଲ କରାଯାଇଛି । ପରୀକ୍ଷାର୍ଥୀ ପ୍ରଶ୍ନ-ପୁସ୍ତିକାକୁ ଖୋଲିବା ପାଇଁ ପ୍ରଶ୍ନ-ପୁସ୍ତିକାର ସାମନା ପଟର ଜ୍ୟାକେଟକୁ କାଟନ୍ତୁ ।

**Note :** **This Question Booklet is sealed by reverse jacket. The candidate has to cut the jacket to open the booklet shown on the opening side of the Question Booklet.**



https://www.odishaboard.com

# TL
# HINDI

*Each question has four answer choices. Choose the correct one and darken the appropriate circle in the **OMR** Sheet completely with Blue / Black ball point pen only. Each question carries one **(1)** mark.*

**Time : 1 Hour** **Full Marks : 50**

1. कबीर ने अपने दोहे में 'सत्य' को किसके समान बताया है ?
   (A) तप या तपस्या (B) सच्चाई
   (C) हृदय (D) पाप
2. सूरदास के पद में कृष्ण किससे बलराम की शिकायत कर रहे हैं ?
   (A) देवकी (B) नंद बाबा
   (C) यशोदा (D) वसुदेव
3. तुलसीदास ने किसे सर्वश्रेष्ठ धन माना है ?
   (A) गोधन (B) गजधन
   (C) रत्न-धन (D) संतोष-धन
4. रहीम के दोहे में तरुवर और सरोवर की क्या विशेषता है ?
   (A) दोनों ईश्वर द्वारा बनाए गए हैं ।
   (B) दोनों परोपकार करते हैं ।
   (C) दोनों में जीवन नहीं है ।
   (D) दोनों एक दूसरे के पूरक हैं ।
5. 'मनुष्यता' कविता में अतीव भाग्यहीन किसे कहा गया है ?
   (A) धैर्यहीन व्यक्ति को
   (B) आत्मकेंद्रित व्यक्ति को
   (C) परोपकारी व्यक्ति को
   (D) भीरु व्यक्ति को
6. 'एक तिनका' कविता के कवि का नाम क्या है ?
   (A) हरिवंशराय बच्चन
   (B) रामधारी सिंह 'दिनकर'
   (C) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
   (D) मैथिलीशरण गुप्त
7. चाँद अपनी माँ से झिंगोले की हठ क्यों करता है ?
   (A) क्योंकि चाँद और भी सुंदर दिखना चाहता है ।
   (B) क्योंकि चाँद अपनी माँ से उपहार चाहता है ।
   (C) क्योंकि चाँद को कपड़े पहनने का शौक है ।
   (D) क्योंकि चाँद को ठंड लगती है ।
8. कविता 'नीड़ का निर्माण' में आँधी की रात कैसी लग रही थी ?
   (A) भय और संत्रास उत्पन्न करने वाली
   (B) तेज गर्जन से भरी
   (C) अत्यंत रमणीय
   (D) अलौकिक
9. प्रलय की निस्तब्धता में किसका नव गान सुनाई पड़ता है ?
   (A) पंछियों का (B) उत्साह का
   (C) सृष्टि का (D) ईश्वर का
10. कविता 'काँटे कम-से-कम मत बोओ' में किसे कमज़ोर कहा गया है ?
   (A) तन को
   (B) मन को
   (C) आत्मविश्वास को
   (D) धन को
11. बाणभट्ट की कौन-सी किताब अधूरी रह गई थी ?
   (A) कादंबरी (B) चिदंबरा
   (C) रीतांभरी (D) हर्षचरित



https://www.odishaboard.com

12. "पाठ 'मधुर भाषण' में ............ मनुष्य को आदर भाजन बनाती है ।" रिक्त स्थान की पूर्ति उचित विकल्प से कीजिए ।
   (A) स्वाभिमान
   (B) धैर्य
   (C) अतुलित धनराशि
   (D) वार्तालाप की शिष्टता

13. 'मधुर भाषण' पाठ में किसकी दो लातें भी सहन करने की चर्चा की गई है ?
   (A) अपने शिशु की
   (B) दुधारू गाय की
   (C) तेज दौड़ने वाले घोड़े की
   (D) प्रजावत्सल राजा की

14. महीने भर प्रतीक्षा करने के बाद पंडित चंद्रधर जी को कितने रुपए वेतन के रूप में मिलते थे ?
   (A) 15 रुपए (B) 20 रुपए
   (C) 25 रुपए (D) 30 रुपए

15. पाठ 'बोध' में हेड कांस्टेबुल ठाकुर अतिबल सिंह ने पहले मुसाफ़िर पर कौन-सा अपराध लगाया था ?
   (A) सरकारी संपत्ति नष्ट करने का
   (B) भूमि अतिक्रमण का
   (C) चोरी का
   (D) खुफ़िया फरोशी का

16. 'बोध' पाठ के अनुसार 'ऊसर की खेती' किसे कहा गया है ?
   (A) पुलिस की नौकरी को
   (B) तहसील में सियाहेनवीस को
   (C) शिक्षा विभाग में वेतन-वृद्धि को
   (D) म्युनिसिपल्टी की नौकरी को

17. स्वामी विवेकानंद जी के गुरु कौन थे ?
   (A) रामकृष्ण परमहंस
   (B) श्री अनुकूलचंद्र
   (C) बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय
   (D) रवींद्रनाथ टैगोर

18. पाठ 'देशप्रेमी संन्यासी' में जीवन का वरदान किसे माना गया है ?
   (A) सफलता को
   (B) स्वतंत्रता को
   (C) साहस को
   (D) धर्म को

19. स्वामीजी ने इंग्लैंड के लोगों को कैसे प्रभावित किया ? पाठ 'देशप्रेमी संन्यासी' के आधार पर सही विकल्प का चयन करें ।
   (A) अपने असंख्य अनुयायियों से
   (B) अपने वाक्कौशल से
   (C) अपने वस्त्र सज्जा से
   (D) अपनी विद्वता, शालीनता और शिष्टता से

20. लेखिका महादेवी वर्मा की अस्वस्थता के समय गिल्लू कहाँ बैठता था ?
   (A) लेखिका उसे लिफ़ाफे में बिठाती थीं
   (B) लेखिका के सिरहाने के पास
   (C) पर्दे पर
   (D) अपने घोंसले में

21. गिल्लू को कहाँ समाधि दी गई थी ?
   (A) नीम-चमेली पौधे के नीचे
   (B) घर के आँगन में
   (C) गमले के नीचे
   (D) सोनजुही की लता के नीचे

22. गिलहरियों के जीवन की अवधि लगभग कितने वर्षों की होती है ?
   (A) दो वर्ष (B) तीन वर्ष
   (C) चार वर्ष (D) पाँच वर्ष

23. खंडगिरि की गुफाएँ किसका यशोगान करती हैं ?
   (A) कपिलेंद्रदेव का
   (B) खारबेल का
   (C) मुकुंददेव का
   (D) कृष्णचंद्र गजपति का



https://www.odishaboard.com

24. ओड़िशा स्वतंत्र प्रदेश कब बना ?
(A) 1 अप्रैल 1935 को
(B) 1 मार्च 1936 को
(C) 1 अप्रैल 1936 को
(D) 1 जनवरी 1937 को

25. 'उत्कल' का क्या अर्थ है ?
(A) एक विशेष धातु
(B) कमल का फूल
(C) कल-कारखाने
(D) उत्कृष्ट कला

26. "महानदी ओड़िशा की सबसे लंबी नदी है।" वाक्य में 'महानदी' कौन-सी संज्ञा है ?
(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(B) जातिवाचक संज्ञा
(C) समूहवाचक संज्ञा
(D) द्रव्यवाचक संज्ञा

27. 'बूढ़ा' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप होगा
(A) बूढ़े (B) बुढ़िया
(C) बुढ़ापा (D) बूढ़ी

28. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'कवि' का सही स्त्रीलिंग रूप है ?
(A) कवियित्री (B) कवयित्री
(C) कवियत्री (D) कवियित्रि

29. लिंग आधारित सही वाक्य का चयन करें।
(A) ठाकुर साहब क्रोध से लाल हो रहा था।
(B) सबसे बड़ा नौकरी शिक्षक की है।
(C) गाड़ी में जगह की बड़ी कमी थी।
(D) 'बोध' कहानी किसने लिखा है ?

30. निम्नलिखित विकल्पों में से बहुवचन शब्द का चयन करें।
(A) रात (B) प्राण
(C) फूल (D) वस्तु

31. वचन के असंगत युग्म को चुनिए।
(A) बात - बातें
(B) रुपया - रुपए
(C) लड़का - लड़के
(D) नदी - नदियाँ

32. "मैंने चाकू से आम काटा।" वाक्य में 'चाकू से' कौन-सा कारक है ?
(A) कर्ता कारक
(B) कर्म कारक
(C) करण कारक
(D) अपादान कारक

33. निम्नलिखित विकल्पों में से 'संबंध कारक' वाक्य का चयन कीजिए।
(A) पिताजी दो दिन में गाँव आ जाएँगे।
(B) मोहन पढ़ने के लिए शहर जाता है।
(C) उमानाथ कठिनाई से पास हो गया।
(D) गोपाल की गाय बीस लीटर दूध देती हैं।

34. 'के लिए' किस कारक का विभक्ति चिह्न है ? https://www.odishaboard.com
(A) संप्रदान कारक
(B) अधिकरण कारक
(C) कर्म कारक
(D) संबोधन कारक

35. 'मुझे' किस प्रकार का सर्वनाम है ?
(A) उत्तम पुरुष
(B) मध्यम पुरुष
(C) अन्य पुरुष
(D) निजवाचक सर्वनाम

36. निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में सर्वनाम का अशुद्ध प्रयोग हुआ है ?
(A) कंप्यूटर अपने आप बंद हो गया।
(B) मुझे इस बैठक की सूचना नहीं मिली थी।
(C) मैं तेरे को एक घड़ी दूँगा।
(D) क्या आप कल दिल्ली जा सकते हैं ?



https://www.odishaboard.com

37. 'भारत में अंग्रेजों का कड़ा शासन चलता था ।'' वाक्य में विशेषण पद है

(A) भारत (B) अंग्रेजों

(C) कड़ा (D) शासन

38. ''यहाँ कॉफी पाँच रुपए में मिलती है ।'' वाक्य में 'पाँच' विशेषण का कौन-सा भेद है

(A) गुणवाचक विशेषण

(B) संख्यावाचक विशेषण

(C) परिमाणवाचक विशेषण

(D) सार्वनामिक विशेषण

39. नीचे दिए गए विकल्पों में से 'कालवाचक क्रियाविशेषण' वाक्य का चयन कीजिए ।

(A) प्रकृति के सारे काम धीरे-धीरे होते हैं ।

(B) सुधीर सुबह से काम में लगा हुआ है ।

(C) कुछ बंदर छत पर बैठे हुए हैं ।

(D) क्या आप कल दिल्ली जा सकते हैं ?

40. समुच्चयबोधक अव्यय' का उदाहरण है —

(A) परसों (B) उधर

(C) पीछे (D) और

41. नीचे दिए गए विकल्पों में से 'भविष्यत् काल' वाला वाक्य चुनिए ।

(A) बच्चे पढ़ रहे होंगे ।

(B) मैं प्रतिदिन पढ़ाई करता हूँ ।

(C) सुरेश ने पत्र लिखा था ।

(D) मैं कटक में पढ़ाई करूँगा ।

42. निम्नलिखित विकल्पों में से सकर्मक क्रिया चुनिए ।

(A) दौड़ना (B) हँसना

(C) पढ़ना (D) सोना

43. ''शिक्षक ने छात्रों को इतिहास पढ़ाया ।'' इस वाक्य में दो कर्म छाँटिए -

(A) शिक्षक, पढ़ाया।

(B) ने, को

(C) छात्रों, इतिहास

(D) पढ़ाया, इतिहास

44. दो या दो से अधिक धातुओं के मेल से बनने वाली क्रिया को क्या कहते हैं ?

(A) मूल क्रिया

(B) अकर्मक क्रिया

(C) असमापिका क्रिया

(D) संयुक्त क्रिया

45. 'उग' मूलधातु क्रिया का द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया रूप होगा

(A) उगना (B) उगाना

(C) उगाया (D) उगवाना

46. ''बाज़ार में भीड़ बढ़ने ............ ।'' उचित क्रिया से वाक्य पूरा कीजिए ।

(A) लगा (B) लगे

(C) लगी (D) लगेंगे

47. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा 'माँ' का पर्यायवाची शब्द नहीं है ?

(A) अंबा (B) जननी

(C) जनक (D) धात्री

48. 'गुण' शब्द का विलोम शब्द होगा

(A) सगुण (B) निर्गुण

(C) अवगुण (D) तोमगुण

49. निम्नलिखित में से उपसर्ग रहित शब्द है

(A) सुयोग (B) सपरिवार

(C) सुरेश (D) संविधान

50. 'अनुज' शब्द का स्त्रीवाचक बनाने के लिए किस प्रत्यय का प्रयोग किया जाएगा ?

(A) आई (B) आ

(C) ईय (D) ई



https://www.odishaboard.com